**Publication:** PrabhatKhabar
**Date:** 22/08/2015
**Edition:** Jamshedpur
**Page No:** 19
**Headline:**Adnan and Shadan from RV champions

### कोलकाता में हुआ टीसीएस आइटी विज का रीजनल राउंड

# आरवी के अदनान व शदान चैंपियन

**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से आयोजित टीसीएस आइटी विज के रीजनल राउंड में शहर के राजेंद्र विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा साबित की है. स्कूल के अदनान अजमत और शदान कलाम इस राउंड के विजेता (रीजनल चैंपियन) बने.

रीजनल राउंड की प्रतियोगिता रविवार को कोलकाता के शेक्सपीयर सरनी स्थित संगीत कला मंदिर ट्रस्ट ऑडिटोरियम में संपन्न हुई. प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक हाइस्कूलों के आठवीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. रीजनल राउंड की प्रतियोगिता पांच राउंड में हुई. इसमें विजयी अदनान व अजमत को टीसीएस की ओर से पुरस्कार स्वरूप आइपैड एयर, ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया गया. वहीं उप विजेता रहे एमपी बिड़ला फाउंडेशन स्कूल के छात्र सृजन बनर्जी व जेरेक्स रहमान को आइपैड मिनी, ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया गया.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल सरकार के अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के प्रधान सचिव देवाशीष सेन, विशिष्ट अतिथि ग्लोबल एचआर, टीसीएस के प्रेसिडेंट व हेड अजयेंद्र मुखर्जी व ऑपरेशन, टीसीएस कोलकाता के वाइस प्रेसिडेंट व हेड श्रीधर बख्शी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया. देश के 15 शहर अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नइ, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्ची, कोलकाता, मुंबई, लखनऊ, नागपुर, पुणे व विशाखापत्तनम में यह प्रतियोगिता आयोजित हुई.

> दोनों छात्र मेधावी हैं. अदनान अजमत व शदान कलाम ने अपनी प्रतिभा साबित कर स्कूल व शहर को गौरवान्वित किया है. हमें विश्वास है कि दोनों आगे भी जीत का परचम बुलंद रखेंगे.
> **-पीबी सहाय,** प्रधानाचार्य, राजेंद्र विद्यालय